भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 2332

सोमवार, 13 दिसम्बर, 2021/22 अग्रहायण, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

स्थायी परिस्थितिकी पर्यटन परियोजनाओं का विकास

2332. श्री सुमेधानंद सरस्वती:

श्रीमती रंजीता कोली:

श्री नरेंद्र कुमार:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने राजस्थान उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और उड़ीसा सहित विभिन्न राज्यों में स्थाई और पर्यावरण के अनुकूल परिस्थितिकी पर्यटन परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए कोई उपाय किए हैं;

(ख) यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या विशेष रूप से सीकर और भरतपुर जिलों के लिए कोई विशेष परियोजना है; और

(घ) उक्त नीति के अंतर्गत शामिल कार्यकलापों का ब्यौरा क्या है; और इसके परिणाम स्वरूप प्राप्त होने वाले संभावित पर्यावरणीय लाभ क्या हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) और (ख): पारिस्थितिकी पर्यटन सहित पर्यटन का संवर्द्धन और विकास मुख्य रूप से राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों की जिम्मेदारी है। हालांकि, पर्यटन मंत्रालय राजस्थान, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और ओडिशा सहित देश में इको परिपथों के विकास के लिए स्वदेश दर्शन योजना के तहत वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

देश में स्वदेश दर्शन योजना के इको परिपथ थीम के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

(ग) : स्वदेश दर्शन योजना के पारिस्थितिकी परिपथ के अंतर्गत विकास हेतु सीकर और भरतपुर जिलों सहित राजस्थान राज्य में कोई विशेष परियोजना स्वीकृत नहीं की गई है।

(घ) : स्वदेश दर्शन योजना के तहत विभिन्न घटक जैसे ट्रेकिंग पथ, कैनोपी वॉक, साइकिलिंग पाथवे, लॉग हट्स, वॉच टावर्स, व्यू पॉइंट आदि को क्रियान्वयित किया गया है।

ईको-टूरिज्म परिपथों के विकास से पर्यटकों को क्षेत्र की पारिस्थितिकी, प्रकृति और पर्यावरण के बारे में जागरुक किया जाएगा।

*****

अनुबंध

स्थायी पारिस्थितिकी-पर्यटन परियोजनाओं का विकास के संबंध में 13.12.2021 को लोकसभा लिखित प्रश्न संख्या †2332 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में विवरण

स्वदेश दर्शन योजना के ईको-टूरिज्म सर्किट के तहत स्वीकृत परियोजनाएं

(रुपये करोड़ में)

क्र.सं.	राज्य का नाम	स्वीकृति का वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि	निर्मुक्त राशि
1.	उत्तराखंड	2015-16	टिहरी-चंबा-सरैन में- टिहरी झील के आसपास परिपथ का विकास।	69.17	65.71
2.	तेलंगाना	2015-16	महबूबनगर जिलें (सोमसिला, सिंगोटम, कदलाईवनम, अक्कामहादेवी, इगलनपंता, फराहाबाद, उमा महेश्वरम, मल्लिलातिर्थम) में परिपथ का विकास	91.62	87.04
3.	केरल	2015-16	पत्तनमथिट्टा का विकास- गावी- वागामोन- थेक्कडी।	76.55	61.24
4.	मिजोरम	2016-17	आइजोल - रॉपुइछिप - ख्वाफवाप - लेंगपुई - डर्टलांग - चटलांग - साकवरहमुइतुएटलांग - मुथी - बेरातलावंग - तुइरियल एयरफील्ड - हमीफांग में इको-एडवेंचर परिपथ का विकास	66.37	49.53
5.	मध्य प्रदेश	2017-18	गांधीसागर बांध - मंडलेश्वर बांध - ओंकारेश्वर बांध - इंदिरा सागर बांध- तवा बांध - बरगी बांध - भेडा घाट- बाणसागर बांध - केन नदी का विकास	94.61	79.70
6.	झारखंड	2018-19	दलमा - चांडिल - गेतालसूद - बेतला राष्ट्रीय उद्यान - मिर्चैया - नेतरहाट का विकास	52.72	15.07
कुल				**451.04**	**358.29**

****